हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026



## खबर संक्षेप

### मीटिंग में नहीं आने की बात पर पति-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भोथलडीह में सामाजिक मीटिंग में शामिल नहीं हो पाए एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के साथ गांव के कोटवार और उसकी पत्नी ने मारपीट कर दी। सरायपाली पुलिस ने बताया कि सामाजिक मीटिंग में शामिल नहीं हो पाने पर गांव के लंबोदर गार्डिया के साथ कोटवार युधिष्ठिर तांडी ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। बीच बचाव करने गई लंबोदर की पत्नी आशा गार्डिया के साथ भी आरोपी युधिष्ठिर और उसकी पत्नी सावित्री तांडी ने मारपीट की। मारपीट से दोनों पति-पत्नी को चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के विरूद्ध बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर ग्राम पिरदा मोड़ के पास आरोपी बद्रीप्रसाद खैरवार पिता मोतिराम खैरवार (34 साल) गारडीह थाना सलीहा जिला सारंगढ बिलाईगढ़ के कब्जे से करीबन 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमत 2,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### रोष: जिपं जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा शिकायत पत्र

# सीईओ के खिलाफ जिपं में फूटे बगावत के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लंबे समय से जिला पंचायत सदस्यों और सीईओ के बीच जारी खींचतान खुलकर सामने आ गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर समेत 15 जिला पंचायत सदस्यों ने एकजुट होकर सीईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया है। इसके बाद सभी जनप्रतिनिधि कलेक्टोरेट पहुंचे और विस्तृत लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच तथा तत्काल कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि सीईओ हेमंत नंदनवार का व्यवहार निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति लगातार अभद्र, असहयोगपूर्ण और तानाशाहीपूर्ण रहा है। उनका कहना है कि जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता और विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है। इससे पंचायत व्यवस्था की मूल भावना प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों की गति भी धीमी पड़ गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि पंचायत राज अधिनियम एवं नियमों के अनुसार सामान्य सभा की बैठकें नियमित रूप से आयोजित होना अनिवार्य है, लेकिन सीईओ द्वारा कई महीनों से सामान्य सभा की बैठक नहीं बुलाई गई। इससे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव, योजनाओं की समीक्षा तथा नई स्वीकृतियां लंबित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायत राज प्रणाली की भावना के विपरीत है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि पंचायत राज अधिनियम एवं नियमों के अनुसार सामान्य सभा की बैठकें नियमित रूप से आयोजित होना अनिवार्य है, लेकिन सीईओ द्वारा कई महीनों से सामान्य सभा की बैठक नहीं बुलाई गई। इससे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव, योजनाओं की समीक्षा तथा नई स्वीकृतियां लंबित हैं। उन्होंने



आरोप लगाया कि यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायत राज प्रणाली की भावना के विपरीत है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनप्रतिनिधियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, स्वीकृत विकास कार्यों, वित्तीय आवंटन तथा प्रशासनिक निर्णयों की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती। इससे वे अपने क्षेत्र की जनता को सही जानकारी देने और विकास कार्यों की निगरानी करने में असमर्थ हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूर्ण होने के बावजूद अंतिम भुगतान में अनावश्यक देरी की जा रही है, जिससे ठेकेदारों, निर्माण एजेंसियों और पंचायतों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई नए विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो सीईओ के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि जिला पंचायत की कार्यप्रणाली को पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाने के लिए यह कदम आवश्यक है। कलेक्टोरेट पहुंचकर शिकायत सौंपने के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष तथा 15 जिला पंचायत सदस्य एक साथ मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि पंचायत व्यवस्था को मजबूत करना और जिले के विकास कार्यों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाना है। शिकायत सौंपने के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रवि फ़रोदिया, करण सिंह दीवान, रामदुलारी सिन्हा, जगमोती, देवकी दीवान, लोकनाथ, कुमारी भास्कर आदि मौजूद रहे।

# कार ने मारी बाइक को टक्कर एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान भूषण ध्रुव (30 वर्ष), पिता घनश्याम ध्रुव, निवासी ग्राम सोरम, थाना खल्लारी, जिला महासमुंद के रूप में हुई है। घटना 02 जुलाई 2026 की शाम लगभग 6:30 बजे की है। भूषण ध्रुव अपने साथी नागेश्वर ध्रुव के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-06-जीपी-0204 से महासमुंद से अपने गांव सोरम लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि ग्राम लभराखुर्द के पास बागबाहरा से महासमुंद की ओर आ रही कार क्रमांक सीजी-04-एमक्यू-2700 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल महासमुंद लाया गया, जहां डॉक्टरों ने भूषण ध्रुव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल नागेश्वर ध्रुव को बेहतर इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल, रायपुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। अस्पताल से प्राप्त मेमो के आधार पर थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में पहले मर्ग क्रमांक 100/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर जांच की गई। जांच के दौरान सड़क दुर्घटना में कार चालक की लापरवाही सामने आने पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(क) एवं 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### खमडोढ़गी में आज सीड बॉल छिड़काव अभियान

**कांकेर।** पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम खमदोड़ी में आज 5 जुलाई रविवार सुबह 9 बजे से सीड बॉल बीज गेंद छिड़काव अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का आयोजन सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, ग्राम सभा खमदोड़ी एवं पर्यावरण मित्र सेना के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्राशा खमदोड़ी से पदयात्रा निकालकर आसपास के जंगल क्षेत्रों में सीड बॉल का छिड़काव किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधों का प्राकृतिक रूप से विकास करना, हरियाली बढ़ाना तथा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

### नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर सायकिल की वितरित

**कांकेर।** नए शिक्षण सत्र के शुरू होने पर सिदेसर में शाला प्रवेश उत्सव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों को तिलक लगाकर वितरण किया गया। कक्षा नवमीं के बालक एवं बालिकाओं का तिलक एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बालिकाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सरस्वती साइकिल योजना तहत निः शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य भुनेश मंडावी, प्रधान पाठक शांति रंगारे एवं मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच अनित राम हिचामी, विशेष अतिथि उपसरपंच किशन जैन, प्रज्ञा दुग्गा, आर देवांगन, पाल गण बोधन राम देवांगन, केदारनाथ ठाकुर, चंद्रभान पोटाई, रवि ठाकुर, कोमल जैन, संध्या जैन, फरजाना शेखानी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, अन्नपूर्णा साहू, कीर्ति सागर पटेल, सुनीता उपाध्याय, गोपाल सिंह साहू, गौरव कुमार सिंहा, सीमा चतुर्वेदी, मोना दीवान, मनीता सलाम, रंजना वट्टी, कुंम्पा देवी नायक, मधुलिका कलिहारी, हेमलता जैन, दिव्या प्रभा साहू, अनिता पांडेय, सुधा यदु, रनीता राय, कौशल मंडावी उपस्थित रहें।

### एएसआई के मकान का ताला तोड़कर की चोरी, नकदी व चांदी की मूर्तियां पर

**कांकेर।** चारामा नगर की बूढ़ादेव कॉलोनी में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने इस बार पुलिस विभाग में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक के किराए के मकान में ही सेंध लगा दी। घटना में अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और गोदरेज आलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की शिकायत पर चारामा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी निवासी प्रदीप कुमार यादव जो वर्तमान में कांकेर जिले के थाना रावघाट में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। चारामा के बूढ़ादेव कॉलोनी में भागवत ठाकुर के मकान में किराए से रहते हैं।

# बस किराया संशोधन प्रस्ताव पर शासन के निर्णय का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**

जिले से रायपुर, जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल सहित विभिन्न मार्गों पर संचालित बस सेवाओं के किराए में संशोधन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टायर, बीमा और रखरखाव की लागत बढ़ने से किराया संशोधित करने का प्रस्ताव शासन के समक्ष रखा गया है। फिलहाल परिवहन विभाग स्तर पर इस प्रस्ताव पर विचार जारी है। बस संचालकों का कहना है कि अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद ही अधिकृत किराया सूची सभी बसों में प्रदर्शित की जाएगी, ताकि यात्रियों को पारदर्शी जानकारी मिल सके।

बस ऑपरेटर संघ के अनुसार वर्ष 2021 के बाद से परिचालन लागत में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में परिवहन सेवाओं को सुचारु बनाए रखने और यात्रियों को नियमित सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किराया पुनरीक्षण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। संघ ने परिवहन विभाग से जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है।

धमतरी बस स्टैंड से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बसें रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए संचालित होती हैं। इन मार्गों पर प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। परिवहन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किराया संशोधन शासन की मंजूरी के साथ लागू होता है तो यात्रियों और बस संचालकों, दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए संतुलित व्यवस्था बनाई जा सकेगी। वहीं प्रशासन की ओर से भी यात्रियों को अधिकृत किराया सूची देखकर ही किराया भुगतान करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने की सलाह दी गई है।

**डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टायर, बीमा और रखरखाव की लागत बढ़ने से परेशान**

**यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता पर जोर**

प्रस्तावित किराया संशोधन लागू होने से पहले परिवहन विभाग की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। विभागीय निर्णय के बाद नई दरों की सूची सार्वजनिक की जाएगी, जिससे यात्रियों को अधिकृत किराए की स्पष्ट जानकारी मिल सके। बस संचालक संघ के महावीर प्रसाद गुप्ता का कहना है कि उनका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, नियमित और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।




## नारेबाजी कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

# ग्राम नकटी प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**



ग्राम नकटी में कथित तौर पर 85 मकानों को तोड़े जाने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को गांधी मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजे की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्षा ऋतु के दौरान की गई कार्रवाई से अनेक परिवारों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि किसी भी प्रकार की बेदखली या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले प्रभावित लोगों के लिए वैकल्पिक आवास और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए थीं। पार्टी ने इसे मानवीय दृष्टि से गंभीर विषय बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओंकार साहू ने कहा कि प्रभावित ग्रामीणों के साथ न्याय होना चाहिए तथा उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था किए बिना इस प्रकार की कार्रवाई उचित नहीं मानी जा सकती। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को राहत दिलाना है और सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और स्थायी पुनर्वास उपलब्ध कराने की मांग दोहराई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी, शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला प्रभारी महामंत्री अरविंद दोशी, जिला कोषाध्यक्ष विजय गोलछा, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, आनंद पवार, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेंद्र ध्रुव, सूर्याराव पवार, वसीम कुरैशी, सलीम रोकड़िया, नरेश जसूजा, जानसिंग यादव, राजेंद्र साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, राजेंद्र सोनी, मनीषा साहू, आकाश गोलछा, डीहूराम साहू, योगेश लाल, विक्रांत शर्मा, बृजेश जगताप, हरमिंदर छाबड़ा, दीपक सोनकर, विशु देवांगन तथा कन्हैया सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रासायनिक खाद-कीटनाशकों की गिरफ्त में धमतरी, मिट्टी की सेहत पर बढ़ा खतरा



- अधिक उत्पादन की दौड़ में बिगड़ रही जमीन, जैविक खेती ही बनेगी संजीवनी

**अंधाधुंध रासायनिक खाद से घट रही मिट्टी की उर्वरता**

कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक परिहार का कहना है कि देसी खाद, गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट और हरी खाद जैसी जैविक विधियों को अपनाने पर विशेष जोर दे रहे हैं। उनका कहना है कि जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, लाभकारी सूक्ष्मजीवों को सक्रिय रखने और फसलों की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही रासायनिक अवशेष कम होने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**

धान उत्पादन के लिए पहचान रखने वाला धमतरी जिला अब रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों के बढ़ते उपयोग को लेकर भी चर्चा में है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक उत्पादन की होड़ में खेतों में यूरिया, डीएपी, पोटाश और रासायनिक कीटनाशकों का लगातार बढ़ता प्रयोग मिट्टी की सेहत पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इससे मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता धीरे-धीरे कम हो रही है और कई क्षेत्रों की भूमि अम्लीय होती जा रही है।

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ सीजन में जिले में बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में खाद की खपत में कुछ कमी आई है, फिर भी जरूरत से अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग चिंता का विषय बना हुआ है। कृषि वैज्ञानिक एवं प्रोफेशर डॉ सोहन चतुर्वेदी का कहना है कि लगातार रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी में कार्बनिक तत्व, लाभकारी जीवाणु और सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा घटती जा रही है। इसका असर मिट्टी की जल धारण क्षमता और भविष्य की उत्पादन क्षमता पर भी पड़ सकता है।

मिट्टी परीक्षण में जिले के कई क्षेत्रों में नाइट्रोजन, बोरॉन, सल्फर और अन्य पोषक तत्वों की कमी सामने आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि मिट्टी की वास्तविक आवश्यकता जाने बिना अंधाधुंध रासायनिक खाद डालना नुकसानदायक है। किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए।

कृषि विभाग किसानों को फसल चक्र अपनाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा रासायनिक खाद और कीटनाशकों का संतुलित उपयोग करने के लिए लगातार जागरूक कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर कदम नहीं बढ़ाए गए, तो आने वाले वर्षों में मिट्टी की उत्पादकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए टिकाऊ खेती और स्वस्थ भूमि के लिए देशी खाद एवं जैविक कृषि को अपनाना समय की आवश्यकता है।

**अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला**

# चरित्र संदेह पर हत्या, चाचा-भतीजा को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**

चरित्र संदेह पर भतीजे के साथ मिलकर पत्नी की हत्या करने वाले को अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास से दंडित किया। भतीजा भी इसमें बराबर दोषी पाया गया। चाचा के साथ भतीजे को भी आजीवन कारावास की सजा दी गई। विभिन्न धाराओं के तहत दोनों को 12-12 सौ रुपए का अर्थदंड भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर ढाई साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

घटना 8 फरवरी 2024 की है। एक व्यक्ति ने दुगली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित बघेल को सूचना दी कि ग्राम भोभलाबाहरा के सीसी रोड किनारे एक अज्ञात महिला की लाश पड़ी है। महिला की उम्र 25-30 वर्ष के आसपास बताई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर एक महिला की अधजली लाश मिली। पुलिस ने सूचना देने वाले चुन्नूलाल कांशी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर लिया। जांच के दौरान मृतिका के सिर, पेट पर गंभीर चोट मिले। गला भी काटा गया था और आग से जलाया गया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज कर मृतिका की शिनाख्ति में जुट गई। विभिन्न थानों से गुम इंसानों की लिस्ट खंगाली गई, तब महिला की पहचान कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर निवासी जयंत्री बाई के रूप में हुई।



**हत्या करना स्वीकार किया**

संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतिका के पति मनराखन नेताम और भतीजा रामदेव सलाम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष चरित्र संदेह पर हत्या करना स्वीकार कर लिया। यह मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नगरी में पेश किया गया था, जहां से केस को अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती अर्चना भास्कर के न्यायालय में उपार्पित किया गया।

**दोनों को आजीवन कारावास**

मामले के सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी पाया। भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (बी) के तहत आजीवन कारावास और 5-5 सौ रुपए अर्थदंड, धारा 302 सहपठित धारा 120 (बी) के तहत आजीवन कारावास और 5-5 सौ रुपए अर्थदंड, धारा 201 सहपठित धारा 120 (बी) के तहत 7 वर्ष कारावास और 2-2 सौ रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं चुकाने पर कुल 2 वर्ष 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# नशामुक्ति की अलख जगाने वाले तुलसीराम का एसपी ने किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**



नशामुक्ति का संदेश लेकर धमतरी से काठमांडू तक साइकिल यात्रा करने वाले समाजसेवी तुलसीराम काग एसपी ने सम्मानित किया है।

नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धमतरी जिला से काठमांडू-नेपाल तक तुसलीराम साहू ने साइकिल यात्रा की। अपनी संपूर्ण यात्रा के दौरान तुलसीराम ने लाउड स्पीकर के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से आमजन को अवगत कराया। युवाओं एवं नागरिकों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके इस अनुकरणीय व समाज हितैषी प्रयास की सराहना करते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही पुलिस द्वारा संचालित नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आमजन को लगातार जागरूक करने का आग्रह किया। इस दौरान तुलसीराम ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षी संवर्धन का संदेश देते हुए एसपी व एएसपी को पक्षियों के सुरक्षित आश्रय के लिए कृत्रिम मिट्टी का घड़ानुमा घोंसला भेंट किया। इस अवसर पर एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय सहित पुलिस अधिकारी तथा समाजसेवी तुलसीराम के सहयोगी श्री जगने उपस्थित थे।

### जहरीले धुएं और बदबू से हटकेशरवासी परेशान

**धमतरी।** हटकेशर वार्ड में निजी जमीन अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड बन गई है। पॉलीथिनयुक्त कचरे में आग लगाने यहां से उठने वाला जहरीला धुआं वार्डवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। निगम प्रशासन से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासियों में आक्रोश है। हटकेशर वार्ड के पार्षद सूरज गहरवाल ने बताया कि हटकेशर मुक्तिधाम के पास मणिकंचन केन्द्र है। जहां पर गीला-सूखा कचरा अलग कर ट्रेंचिंग ग्राउंड में डिस्पोज के लिए भेजने का नियम है लेकिन स्वच्छताकर्मियों द्वारा आसपास के 4 वार्ड से निकलने वाले कचरे को एक निजी जमीन में डाला जा रहा है।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

**निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**

1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

**प्रति,**
**संचालक**
**व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)**

**महोदय,**
..................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.............................. 2. पिता/पति का नाम..............................
3. जन्मतिथि......................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम....................पो..........................तहसील..........................
जिला..............................
पिन कोड..............................मोबाईल नं. 1......................2......................व्हाट्सअप नं......................
6. केंद्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..............................
**7. शैक्षणिक योगयता:-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


**कुकरेल में कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया**

# अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं में है संगठन की शक्ति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**





भाजपा कुकरेल मंडल द्वारा डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यशाला आदिवासी ध्रुव गोंड समाज भवन कुकरेल में संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की आवश्यकता, संगठन की आगामी कार्ययोजना तथा मंडल स्तर पर चल रहे संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने तथा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग का आह्वान किया। कुकरेल मंडल प्रभारी विकल गुप्ता ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने आगामी बैठकों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रभारी प्रकाश बैस ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सरल ऐप के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, विकास यात्रा, संगठनात्मक संरचना, पंचनिष्ठा, अंत्योदय, लोकतंत्र एवं राष्ट्रवाद जैसे वैचारिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री टिकेश्वर साहू व आभार व्यक्त मंडल महामंत्री वासु गंजीर ने किया। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, जनपद सदस्य शुभम नवीन यदु, चंद्रकला साहू, ईश्वरी ध्रुव, प्रेमसिंग सलाम ,जिला कार्य समिति सदस्य टेलेश्वर ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रितु साहू, वनलाल साहू, अजय यादव, प्रेमसिंह सलाम, संतोष साहू, श्यामा मंडावी, नरेश मरकाम, बृजलाल मंडावी, अखिलेश प्रजापति, इंदल प्रजापति शत्रुघ्न साहू, पिंगल गोटा, मीडिया प्रभारी वरुण देव ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वीबी जीरामजी योजना श्रमिकों को सम्मान व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को देगी मजबूती : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने जीरामजी योजना के लागू होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के इस योजना ने छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील नेतृत्व में 1 जुलाई 2026 से वीबी जीरामजी योजना के तहत अकुशल श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 261 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दी गई है। यह निर्णय श्रमिकों के सम्मान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक कदम है।



भाजपा जिला किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चंद्राकर ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि वह केवल वादे नहीं करती बल्कि धरातल पर परिणाम देती है। 13 प्रतिशत की यह अभूतपूर्व वृद्धि श्रमिक परिवारों के जीवन में सीधा बदलाव लाएगी। अब एक श्रमिक को महीनेभर दिन काम मिलने पर पहले के मुकाबले 1170 रुपए अधिक मिलेंगे। जिससे बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और घर की जरूरतें पूरी करने में बड़ी राहत मिलेगी।

देवेंद्र ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में श्रमिक केवल राजनीतिक नारों तक सीमित थे। जबकि, भाजपा सरकार ने श्रमिक को सम्मान हमारा अभिमान का नारा सच कर दिखाया है। श्रमिक खुशहाल तो छत्तीसगढ़ खुशहाल का सपना अब साकार हो रहा है। ग्राम सभा के माध्यम से अब गांव खुद तय करेगा कि कौन सा विकास कार्य पहले होना चाहिए। जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुरूप रोजगार सृजित होगा। यह फैसला ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करेगा और पलायन रुकेगा। भाजपा किसान मोर्चा केंद्र और राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करता है। देवेंद्र ने सभी श्रमिकों से आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह निर्णय प्रमाण है कि भाजपा जो कहती है वह करती है।

# जैन संघ के पदाधिकारियों का चयन, गुमानचंद बने अध्यक्ष



**महासमुंद**। शांतिनाथ भगवान जैन मंदिर ट्रस्ट (जैन संघ) महासमुंद की ट्रस्टमंडल का चुनाव 3 जुलाई शुक्रवार को जैन मंदिर परिसर स्थित वल्लभ भवन में हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी देवीचंद लूनिया एवं सहायक चुनाव अधिकारी मोहन मालू, कमल लूनिया के निर्देशन में हुई निर्वाचन प्रक्रिया में समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतगणना के पश्चात पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष गुमानचंद लूनिया एवं ट्रस्टीगण राजेश लूनिया, जय चोपड़ा, सुशील बोथरा, धीरज गोलछा को प्रमाण पत्र प्रेषित किया गया।
नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुमानचंद लूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत संपूर्ण समाज की एकजुटता की जीत है। मैं समाज के विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा और मंदिर ट्रस्ट के विकास एवं सामाजिक कार्यों को नई दिशा देने हेतु समर्पित रहूंगा। चुनाव प्रक्रिया मे परिणाम घोषित पश्चात आयोजित समान्य सभा की बैठक मे समाज के वरिष्ठ नरेंद्र लूनिया, हेमचंद गोलछा, कुशल श्रीश्रीमाल, दिलीप मालू, पुखराज डागा, विजय पींचा, मूलचंद कोचर, उमेश कोचर, मनोज लूनिया, दिलीप बोथरा, स्वरुप कोचर, संजय मालू, अभिषेक लूनिया सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निर्वाचन अधिकारी कमल लूनिया एवं आभार प्रदर्शन हेमंत झाबक ने किया। उपरोक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता राहुल बोथरा ने दी है।

## देवरी स्कूल में सहकारिता पर हुई निबंध प्रतियोगिता, संगीता रही अव्वल

**महासमुंद**। भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में सहकारी सप्ताह का आयोजन 29 जून से 06 जुलाई तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला सहकारी संघ महासमुंद के सौजन्य से 3 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में समस्त छात्र-छात्राओं के लिए सहकारिता पर निबंध, जिसका विषय सहकार से समृद्धि, चित्रकला इसका विषय सार्वजनिक वितरण प्रणाली, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, ऋण वितरण, नगदी, खाद बीज दवाई, लघु सिंचाई था। इसके अलावा सहकारिता से सम्बंधित 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न का पेपर लिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रचार प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे, प्रबंधक जीएल कौशिक पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संगीता पटेल कक्षा दसवीं को 2500 रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र, द्वितीय गायत्री साहू बारहवीं को 1500 रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र, तृतीय प्रमिला निषाद बारहवीं को 1000 रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दीक्षा चक्रधारी, धनेश्वरी सेन, केयूर भूषण को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त व्याख्यातागण नीलू सोनी, आनन्द राम व्यौहार, संजय बारसागड़े, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, बीएल टंडन, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, रवि प्रकाश पात्रे, सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, उद्देश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नेश लाल धृतलहरे और परस राम सिन्हा ने किया।






## हथियार लहरा कर लोगों को डराने वाले दो युवकों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने के दो अलग-अलग मामलों में बसना और महासमुंद पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। बसना पुलिस ने बताया कि 04 जुलाई को सूचना मिली थी कि चनाट रोड चबूतरा के पास ग्राम पिरदा में पिंकूराज भोई निवासी पिरदा धारदार तलवार लेकर हवा में लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी पिंकूराज भोई पिता रविलाल भोई (24 साल) पिरदा के कब्जे से तलवार बरामद कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। वहीं सिटी कोतवाली पुलिस ने इमलीभांठा में चाकू लेकर लोगों को आतंकित कर रहे युवक पर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी भारत साहू पिता हेमलाल साहू (19 साल) निवासी वार्ड नं 02 इमलीभाठा महासमुंद के कब्जे से एक चाकू बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत हितग्राही को मिला ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा पर दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत एक महिला हितग्राही को ई-रिक्शा दिया गया। योजना के तहत ई रिक्शा मिलने पर हितग्राही महिला ने छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। शहर की वार्ड क्रमांक 04 निवासी राज बी ने कहा कि वह मजदूर वर्ग से आती हैं और उनका पंजीयन श्रम विभाग में था। उन्हें इस योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरा और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा पर उन्हें आज ई-रिक्शा मिल गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों और असंगठित कर्मकारों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना ही इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। इससे महिलाएं अपने स्वयं के रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इससे उनमें आत्मनिर्भरता आ रही है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रत्येक वर्ग के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं की सौगात दे रही है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, रेखा बेहरा, अरविंद प्रहरे, हनीश बग्गा, तुलाराम कन्नौजे आदि मौजूद रहे।

## अछोला सोसाइटी परिसर में किया गया पौधरोपण



**महासमुंद।** सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को सेवा सहकारी समिति अछोला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरियाली का विस्तार करना तथा लोगों में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस दौरान समिति परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष विश्वनाथ धीवर ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, जो शुद्ध वायु, छाया, फल और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। समिति प्रभारी महेश सोनकर ने कहा कि सहकारिता केवल किसानों की आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर विश्वनाथ साहू, तोषण साहू, चौकीदार शागिर्द सोनवानी, सेल्समैन हुजूर प्रसाद साहू, लिपिक चंद्रशेखर विश्वकर्मा, ग्राम सरपंच संतोष कुमार साहू, अजय साहू, मिथलेश साहू, आनंदराम साहू, किसान बुधाराम सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।



## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर भाजयुमो ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा जिला मुख्यालय में विश्वविख्यात युवा प्रेरणास्त्रोत एवं भारतीय संस्कृति के महान संवाहक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष राकेश सचदेव, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, अभिषेक पांडे, भाजयुमो शहर मंडल महामंत्रीद्वय आयुष दुबे व दीपक राव, गोपाल प्रधान, कुशल साहू, अंकुश गौर सहित कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# विवेकानंद की पुण्यतिथि पर चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर चंद्रोदय पब्लिक स्कूल बागबाहरा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रोदय शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव चंद्राकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हुलास एवं कमलेश चंद्राकर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर चंद्रोदय शिक्षण समिति के संचालकगण, सामाजिक पदाधिकारी, विद्यालय परिवार तथा नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन चंद्रोदय पब्लिक स्कूल बागबाहरा उपसमिति के सभापति केशव चंद्राकर, दयालु, संगीता, तारिणी, सुरेखा, निधि, रोमनाथ, निरंजना, लोकेश, पुष्पेंद्र, हरिराम, रमेश, बालेश्वर, अवध, भीमसेन तथा अन्य संचालकगण एवं सामाजिक पदाधिकारीगण, शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित भारत के निर्माण का संकल्प लेने के साथ हुआ।

# बावनकेरा में कृषक चौपाल का आयोजन



**महासमुंद।** राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा कृषक चौपाल का आयोजन कर किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बावनकेरा में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को खरीफ मौसम के दौरान फसल विविधीकरण अपनाने तथा धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया गया।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य भूमि पर दलहन एवं तिलहन की खेती करने वाले किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। वहीं उच्च भूमि एवं असिंचित क्षेत्रों में दलहन, तिलहन, रागी एवं कपास की खेती करने पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की विशेष अनुदान सहायता का प्रावधान है। चौपाल में किसानों को मौसम की संभावित परिस्थितियों से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष एल नीनो के प्रभाव के कारण वर्षा सामान्य से कम होने की संभावना है। ऐसे में किसानों को अधिक पानी की आवश्यकता वाली धान फसल के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली दलहन एवं तिलहन फसलों को अपनाने की सलाह दी गई, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ फसल नुकसान की संभावना भी कम होगी। उन्होंने बताया कि शासन की इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, भू-जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देना है। चौपाल में उपस्थित किसानों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने एवं फसल विविधीकरण को अपनाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




महासमुन्द लोकसभा
के लोकप्रिय सांसद, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष
श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी
को आज 05 जुलाई
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. कामता पटेल
प्राधिकृत अधिकारी नुनपानी
मा. अनंत पटेल
प्राधिकृत अधिकारी सरायपाली
मा. शरद पटेल
प्राधिकृत अधिकारी नवगढ़
मा. रमेश नायक
प्राधिकृत अधिकारी भोथलडीह
मा. संजय डड़सेना
प्राधिकृत अधिकारी जम्हारी
मा. उपेंद्र चौधरी
प्राधिकृत अधिकारी कनकेवा
मा. पंकज साहू
प्राधिकृत अधिकारी सिंगबहाल
मा. घनश्याम भोई
प्राधिकृत अधिकारी मल्दामाल
मा. जयलाल पटेल
प्राधिकृत अधिकारी नवरंगपुर
मा. कैलाश साहू
प्राधिकृत अधिकारी चिंवराकुंटा
मा.श्याम साहू
प्राधिकृत अधिकारी बोंदा नवापाली
मा.प्यारेलाल साहू
प्राधिकृत अधिकारी तिहरीपाली
मा. अनंतराम बिसी
प्राधिकृत अधिकारी रूढ़ा
विनीत : समस्त अध्यक्षगण/प्राधिकृतगण सोसायटी संघ-सरायपाली

## खबर संक्षेप



### खरोरा में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में सैनिक परिवार द्वारा 05 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शहीद स्मारक प्रांगण पर सुबह 05:30 को किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि सभी सैनिक परिवार सुबह 05:30 को अपने परिवार के साथ जरूर उपस्थित होकर कार्य सफलता बनाएं।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय के प्रवेशोत्सव में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। साहू ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय में नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और अपने हाथों से उन्हें मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया
इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का सेट भेंट किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह दिन आपके जीवन का सबसे सुनहरा दिन है, क्योंकि शिक्षा ही वह दीपक है जो जीवन के अंधकार को दूर करता है। आप सभी इस विद्यालय रूपी मंदिर में ज्ञान अर्जित करने आए हैं, मैं आप सभी से कहना चाहता हूँ कि खूब मन लगाकर पढ़ें शिक्षकों का सम्मान करें और अपने माता-पिता व नगर का नाम रोशन करें। स्वामी आत्मानंद का सपना था कि हर बच्चा शिक्षित हो, जिसे आप सभी को साकार करना है।

# सपोस सहकारी समिति में हुआ पौधारोपण, पूर्व अध्यक्षों का किया गया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)**

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सपोस द्वारा पौधरोपण एवं समिति के पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने तथा किसानों के सर्वांगीण विकास का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे थीं, जबकि अध्यक्षता समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष निरंजन यादव ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, सहकारिता विभाग के उप पंजीयक द्वारिकानाथ क्रांत, नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा, समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समिति के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी, किसान एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने समिति परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया। इसके पश्चात ग्रामीण सेवा सहकारी समिति



के पूर्व अध्यक्षों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सहकारिता क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायी बताया।

मुख्य अतिथि ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और किसानों की आर्थिक समृद्धि का सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, समितियों को अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए अनेक प्रभावी पहल की गई हैं। उन्होंने किसानों एवं समिति सदस्यों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने, सहकारिता की भावना को मजबूत करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम है। सभी के सामूहिक प्रयासों से सहकारी समितियाँ और अधिक मजबूत होंगी तथा किसानों को इसका व्यापक लाभ मिलेगा।

## आयोजन: प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों प्रशिक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# शहर में राज्य स्तरीय आवासीय खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण तथा

- **प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को आत्मरक्षा कौशल, शारीरिक विकास, मानसिक विकास, बालिकाओं की भागीदारी पर दिया गया जोर**

कुडो संघ महासमुंद द्वारा राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 29 जून से 03 जुलाई 2026 तक किया गया। शुभारंभ समारोह में तुलसी कौशिक निज सहायक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे द्वारा किया गया, जिसमें 19 जिले के 368 खिलाड़ियों को आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत संबोधित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को आत्मरक्षा कौशल, शारीरिक विकास, मानसिक विकास, बालिकाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया। खेलकूद, योग, जुंबा के माध्यम से शारीरिक




### नागरिकों को जागरूक करने निकाली गई नशामुक्ति जागरुकता रैली

राज्य स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को नशामुक्ति एवं जागरुकता रैली मंगल भवन खैरा से एसडीएम कार्यालय होकर वापस खैरा तक निकाली गई। उससे पहले खिलाड़ियों ने मंगल भवन खैरा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की सफाई की। नशामुक्ति जागरुकता रैली में खिलाड़ियों ने प्रचार प्रसार, नारे लगाते हुए, बैनर के साथ नागरिकों को जागरूक करने संदेश दिया। हिट हॉप जुंबा डांस जिसमें हितेश यादव एवं उनकी टीम द्वारा गुरुवार को खिलाड़ियों ने जुंबा डांस कराया गया जिसमें सभी ने उत्साहित होकर जुंबा डांस का आनंद लिया।

विकास, स्वास्थ्य एवं फिटनेस जागरुकता नियमित रूप से किया जा रहा हैं। खेलकूद के माध्यम से प्रतिभागियों ने आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें कुर्सी दौड़, कबड्डी प्रतियोगिता, जलेबी दौड़ का आयोजन किया गया। जिलो से आए प्रशिक्षकों में महासमुंद जिले से मीरा पंडा, उपेंद्र प्रधान, राकेश साहू, विजय चक्रधारी, प्रहलाद सारथी, चंद्रप्रकाश सोनवानी, जांजगीर चांपा से योगिता शर्मा, अखिलेश आदित्य, सारंगढ़ बिलाईगढ़ से छेदीलाल साहू, धमतरी से रघुनाथ नेताम, राजबाई नेताम, योगेश साहू, दुर्ग से मनीषा देवांगन, राजेश्वरी निषाद, बस्तर से तुलेश त्रिवेदी, राजनादगांव से नीलम दमगरे, बालोद से तनुज यादव, कोंडागांव से पिंकी नाग, कोरिया से विद्यासागर, गीता राजवाड़े, गरियाबंद से अश्वनी ध्रुव, किरण मरकाम, रायपुर से हार्दिक पॉल, कांकेर से नेहा नाग, बलौदा बाजार से धनीराम निराला, मुंगेली से समर शास्त्री, सरगुजा से लक्ष्मी साहू, सूरजपुर से गीता सिंह, शक्ति एवं मोहला मानपुर जिलों से शामिल हुए।

### राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह रहे। कलेक्टर लंगेह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को भविष्य में अच्छे पदों पर जाने, अनुशासन का पालन करने, मोबाइल के सही उपयोग संबंधित जानकारी, साइबर फ्रॉड, हर लिंक को क्लिक नहीं करने, आवश्यकतानुसार उपयोग करने, अनजाने नंबर को नहीं उठाना, पढ़ाई को अधिक महत्व देने, समय का सही उपयोग करने कहा, जिलों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से राजीव पांडे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, मीनू नारायण सिंह लेबर इंस्पेक्टर, प्राचार्य सेजेश तुमगांव कार्तिक राम साहू, जिले के प्रशिक्षक, जिला संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिलों से आए प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों मीरा पंडा, संजना मुन्ना, अंजू बरिहा, हिमांशु देवांगन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। खेल कूद के विजेता, नशा मुक्ति रैली एवं स्वच्छता अभियान में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मंच संचालन उपेंद्र प्रधान एवं आभार प्रदर्शन खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने किया।

# छुरा मार्ग पर गिरा विशालकाय पीपल का पेड़, यातायात ठप



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा**

ग्राम बिंद्रावन में बोइरगांव-धौराभांठा (छुरा) जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक बड़ा और अप्रत्याशित हादसा बीते शुक्रवार को दोपहर घटित हुआ। बिना किसी आंधी, तूफान या बारिश के मौसम पूरी तरह साफ और सामान्य होने के बावजूद एक अत्यंत विशालकाय और प्राचीन पीपल का पेड़ मुख्य सड़क पर आ गिरा। जिससे विद्युत तार विशालकाय वृक्ष के अचानक धराशायी होने के कारण सड़क के किनारे से गुजर रहे बिजली तार पूरी तरह से टूटकर जमीन पर गिर गए। तारों के टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

सड़क पर गिरे विद्युत तार और पेड़ के भारी-भरकम मलबे के कारण मुख्य मार्ग के ठीक सामने मकान पर टिक गए, जिससे विशाल तना और घनी टहनियां सड़क के एक बड़े हिस्से को पूरी तरह से घेरे हुए हैं, जिससे बिन्द्रावन से बोइर गांव को जोड़ने वाला यह मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। मार्ग बाधित होने के कारण दोनों ओर से चार पहिया पिकअप, ट्रैक्टर, स्कूल बसे इत्यादि वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप है। इस घटना में सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि जिस वक्त यह विशालकाय वृक्ष सड़क पर गिरा, उस समय दोपहर के लगभग 1 बजे के बीच इस वक्त कोई राहगीर, ग्रामीण या वाहन नहीं गुजर रहा था। इसके चलते एक बहुत बड़ी अनहोनी और जनहानि होने से बाल-बाल टल गई। घटना में किसी के भी हताहत या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। विद्युत विभाग के स्थानीय सब-स्टेशन और प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द टूटे तारों को दुरुस्त करने का आग्रह किया है। साथ ही मशीनों की सहायता से पेड़ को जल्द हटाया जाए। ताकि, बाधित मार्ग पर सुचारू यातायात पुनः चालू किया जा सके।

# मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार के लिए 15 तक प्रस्ताव आमंत्रित

**महासमुंद।** राज्य शासन की राज्य शिक्षा अलंकरण योजना के अंतर्गत वर्ष 2026 के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए जाने के लिए जिले से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार विकासखंड, जिला एवं संभाग स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्राचार्यों का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर 2026 को सम्मानित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर शिक्षा दूत पुरस्कार, जिला स्तर पर ज्ञान दीप पुरस्कार, संभाग स्तर पर शिक्षा श्री पुरस्कार तथा उत्कृष्ट प्राचार्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। शिक्षा दूत पुरस्कार के लिए प्रत्येक विकासखंड से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर के प्रधान पाठकों तथा शिक्षकों का चयन किया जाएगा। विकासखंड स्तर से चयनित नामों में से जिला स्तर पर तीन उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन ज्ञान दीप पुरस्कार के लिए किया जाएगा, जबकि प्रत्येक जिले से एक शिक्षक का चयन शिक्षा श्री पुरस्कार के लिए संभाग स्तर पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक प्राचार्य को उत्कृष्ट प्राचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकुल स्तर से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में योग्य शिक्षकों एवं प्राचार्यों के नाम अनुशंसित करें। चयन के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को आधार बनाया जाएगा। प्रत्येक प्रस्ताव के साथ संबंधित शिक्षक का विस्तृत बायोडाटा, उपलब्धियों का विवरण तथा निर्धारित मूल्यांकन प्रपत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 15 जुलाई 2026 तक प्रस्ताव जिला शिक्षा कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समय-सीमा के भीतर आगे की चयन प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

# जनऔषधि केंद्र कोमाखान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 30 से अधिक किसानों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा**

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के गौरवशाली 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोमाखान द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला सहकारी बैंक के सामने स्थित जन औषधि केंद्र कोमाखान में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के अन्नदाताओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष गोरखनाथ यादव, दुबेलाल साहू, मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, पंकज जैन, भीमा साहू, ब्रांच मैनेजर नरेन्द्र सिंह ठाकुर, समिति प्रबंधक रुपेश कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और किसानों को उनके घर के समीप ही बेहतर चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना है। शिविर में पहुंचे नागरिकों के लिए ब्लड शुगर जांच, ब्लड प्रेशर बीपीं जांच, खून की आवश्यक जांचें एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह से निःशुल्क किए गए। खेती-किसानी के इस व्यस्त सीजन से कृषकों व ग्रामीणों को बेहद कम कीमत पर मिलने वाली उच्च गुणवत्तायुक्त जेनेरिक दवाइयों के लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहकारिता का मूल मंत्र ही सेवा और सहकार बताया।



में भी 25 से 35 किसानों ने शिविर में पहुंचकर अपनी सेहत की जांच कराई और डॉक्टरों से उचित चिकित्सकीय परामर्श लिया। शिविर में जिला सरकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान ब्रांच मैनेजर नरेंद्र सिंह ठाकुर ने जन औषधि केंद्र के माध्यम सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूरे होने के इस ऐतिहासिक अवसर पर किसानों की सेवा से बढ़कर दूसरा कोई संकल्प नहीं हो सकता। समिति भविष्य में भी किसानों और ग्रामीणों के हित में इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य करती रहेगी।

# पिथौरा के चार चिकित्सकों का राज्यपाल की उपस्थिति में किया गया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)**

नगर के चार चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय एवं सामाजिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा आयोजित डॉक्टर्स डे सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। रायपुर के विमतारा में 2 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल की उपस्थिति में चिकित्सकों को सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मानित होने वालों में रायपुर जिला चिकित्सालय में पदस्थ नगर निवासी डॉ. कुलवंत राजा आजमानी, बिलासपुर में आयुर्वेदिक न्यूरोलॉजिस्ट एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. सुष्मिता गुंबर, डॉ. अवनीश खनूजा तथा दंत चिकित्सक डॉ. कुलप्रीत कौर छाबड़ा शामिल हैं। डॉ. कुलवंत राजा आजमानी को निर्धन एवं जरूरतमंद मरीजों की सेवा के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। वे पूर्व में भी मुख्यमंत्री



सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। आयुर्वेदिक न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुष्मिता गुंबर को उनके सेवाभावी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वे पिछले 10 वर्षों से बच्चों को निःशुल्क स्वर्णप्राशन कराने के लिए जानी जाती हैं। पिथौरा में पदस्थापना के दौरान उन्होंने कुपोषण नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई थी। डॉ. कुलप्रीत कौर छाबड़ा दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वे कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह मंटू की सुपुत्री हैं। वहीं डॉ. अवनीश खनूजा एवं डॉ. सुष्मिता गुंबर पिथौरा के वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा की पुत्री हैं। डॉ. कुलवंत राजा आजमानी वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय कुलदीप आजमानी के पुत्र हैं।

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में हुई अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता




**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के

- **समाचार पत्र वाचन गतिविधि का भी हुआ आयोजन**

तार्किक चिंतन, प्रभावी अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वास के विकास के उद्देश्य से अंतर-सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद का विषय था– 'क्या विद्यार्थियों के लिए गृहकार्य एक बोझ है या सीखने का महत्वपूर्ण हिस्सा?' वहीं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए विषय था-क्या सफलता प्रतिभा की अपेक्षा अधिक परिश्रम पर निर्भर करती है?। विद्यार्थियों ने दोनों विषयों के पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली, तथ्यपूर्ण एवं तार्किक विचार प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया।

इसके साथ ही विद्यालय में कक्षा नर्सरी से 5 के विद्यार्थियों का समाचार पत्र वाचन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में नियमित पठन की आदत विकसित करना, समसामयिक घटनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा भाषा एवं संप्रेषण कौशल का विकास करना था। विद्यार्थियों ने प्रतिदिन विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समाचारों का वाचन कर उनके प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, विश्लेषणात्मक सोच एवं आत्मविश्वास का भी विकास हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गरिमा दीवान सहायक प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. वीनू चंद्राकर सहायक प्राध्यापक पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा विद्यालय की फ्रेंच शिक्षिका एलवी मैडम रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, प्रस्तुति शैली एवं विषय की गहन समझ की सराहना करते हुए कहा कि वाद-विवाद एवं समाचार पत्र वाचन जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, संचार कौशल, निर्णय लेने की क्षमता तथा समसामयिक ज्ञान का विकास करती हैं।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्सियस हाउस एवं ओरियन हाउस ने विषय के पक्ष (फार द मोशन) में अपने विचार प्रस्तुत किए। जबकि ज़ोडिएक हाउस एवं हरक्यूलिस हाउस ने विषय के विपक्ष में अपने तर्क रखे। विद्यालय की प्राचार्य पूजा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के तर्क, भाषा-शैली, प्रस्तुति एवं आत्मविश्वास का मूल्यांकन किया। कक्षा 6 से 8 वर्ग में हरक्यूलिस हाउस ने प्रथम एवं ओरियन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9 से 12 वर्ग में पर्सियस हाउस प्रथम तथा ज़ोडिएक हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथियों के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल एवं समसामयिक जागरूकता को नई दिशा प्रदान की।

